माध्यमिक अंग्रेज़ी

आमोद प्रमोद के लिए पढ़ने को बढ़ावा देना

भारत में विद्यालय आधारित समर्थन के माध्यम से शिक्षक शिक्षा

www.TESS-India.edu.in

http://creativecommons.org/licenses/

The Open University

UKaid from the British people

संदेश

शिक्षकों को बाल केंन्द्रित कक्षा अभ्यास की ओर उन्मुख करने तथा शिक्षक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उद्देश्यों को सम्मुख रखते हुए TESS-India राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत है। इस दिशा में TESS-India द्वारा मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) का विकास किया गया है । ये संसाधन शिक्षकों तथा शिक्षक–प्रशिक्षकों के वृत्ति विकास (Professional development) में लाभकारी एवं उपयोगी सिद्ध होंगे। राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के नेतृत्व में इन संसाधनों का स्थानीयकृत किया गया है, जिसके अन्तर्गत इनके उद्देश्य के मूल को बरकरार रखते हुए इनमें स्थानीय, भाषा, बोली, प्रथाओं, संस्कृतियों तथा नियमों को सम्मिलित किया गया है। इनका उपयोग शिक्षण कार्य में सहजता एवं सुगमता पूर्वक किया जा सकता है ।

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद, बिहार के मार्गदर्शन में TESS-India द्वारा स्थानीय भाषा में तैयार मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Educational Resources) नेट पर आप सभी के लिए सुलभ उपलब्ध है ।

शुभकामनाओं सहित ।

(डॉ0 मुरली मनोहर सिंह)
निदेशक
एस0सी0ई0आर0टी0, बिहार

समीक्षा एवं दिशाबोध
डॉ. मुरली मनोहर सिंह, निदेशक राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. सैयद अब्दुल मोईन, विभागाध्यक्ष, अध्यापक शिक्षा विभाग, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. क़ासिम खुर्शीद, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्
डॉ. इम्तियाज़ आलम, विभागाध्यक्ष, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. स्नेहाशीष दास राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. अर्चना, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
डॉ. रीता राय, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार
श्री तेज नारायण प्रसाद, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद्, बिहार

स्थानीयकरण
भाषा और शिक्षा
डॉ. ज्ञानदेव मणि त्रिपाठी, प्राचार्य, मैत्रेय कॉलेज ऑफ एडुकेशन एण्ड मैनेजमेंट, हाजीपुर, वैशाली
श्री सुमन सिंह, प्रखंड साधनसेवी, भगवानपुर हाट, सिवान
श्री कात्यायान कुमार त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय चैलीटाल, पटना
श्री कृत प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, हिलसा, नालंदा
प्राथमिक अंग्रेज़ी
श्री अरशद रज़ा, सहायक शिक्षक, प्राथमिक विद्यालय, पचासा रहुई, नालंदा
श्री संतोष सुमन, सहायक शिक्षक, बालिका उच्च विद्यालय, महुआबाग
श्री शशि भूषण पाण्डेय, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुकुन्दपुर, नालंदा
श्रीमती रचना त्रिवेदी, शिक्षिका, नोट्रेडेम अकादमी, पटना
माध्यमिक अंग्रेज़ी
श्री मणिशंकर, प्रधानाध्यापक, तारामणी भगवानसाव उच्च माध्यमिक विद्यालय, कोइलवर, भोजपुर
डॉ. ब्रजेश कुमार, शिक्षक, पी. एन. एंग्लो संस्कृत माध्यमिक विद्यालय, नया टोला, पटना
प्राथमिक गणित
श्री कृष्ण कान्त ठाकुर
श्री दिलीप कुमार, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, बुलनी हैदरपुर, नालंदा
श्री गोविन्द प्रसाद, प्रखंड साधनसेवी, चनपटिया, पश्चिमी चम्पारण
माध्यमिक गणित
डॉ. राकेश कुमार, भागलपुर डायट
श्री रिज़वान रिज़वी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय, सिलौटा चाँद, कैमूर
श्री इन्द्रभूषण कुमार, शिक्षक, सहयोगी माध्यमिक विद्यालय, हाजीपुर, वैशाली
प्राथमिक विज्ञान
श्री मनोज त्रिपाठी, प्रखंड साधनसेवी, बरहारा, भोजपुर
श्री शशिकान्त शर्मा, प्रखंड साधनसेवी, आरा, भोजपुर
श्री रणबीर सिंह, संकुल संसाधन केन्द्र समन्वयक, आदर्श आवासीय मध्य विद्यालय शिक्षक संघ, सहरसा
माध्यमिक विज्ञान
श्री जी.वी.एस.आर प्रसाद
श्री मुकुल कुमार, शिक्षक, सहायक शिक्षक, गोरखनाथ सूर्यदेव माध्यमिक विद्यालय, राजापाकर वैशाली

TESS-India (Teacher Education Through School Based Support) का लक्ष्य है भारत में मुक्त शैक्षिक संसाधनों के द्वारा प्राथमिक और माध्यमिक स्तरों पर शिक्षकों के कक्षा अभ्यासों को बेहतर करना। ये संसाधन शिक्षकों के छात्र–केन्द्रित, भागीदारी दृष्टिकोण को विकसित करने में सहायता करेंगे।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन (Open Education Resources – OERs) शिक्षकों को स्कूल की पाठ्यपुस्तक के लिए सहायक पुस्तिका प्रदान करते हैं। ये संसाधन शिक्षकों के लिए गतिविधियाँ प्रदान करते हैं जो वे कक्षा में अपने छात्रों के साथ कर सकते हैं। साथ ही इनमें केस स्टडी भी हैं जो ये दर्शाते हैं कि किस प्रकार दूसरे शिक्षकों ने उस विषय को सिखाया है। संबंधित संसाधन शिक्षकों को पाठ योजना बनाने में और विषय पर ज्ञान वर्धन करने में उनकी सहायता करते हैं।

TESS-India के मुक्त शैक्षिक संसाधन भारतीय पाठ्यक्रम और संदर्भों के अनुकूल हैं। ये *भारतीय तथा अतंर्राष्ट्रीय लेखकों के सहयोग से तैयार* किये गये हैं *और ये ऑनलाइन तथा प्रिंट उपयोग के लिए उपलब्ध है (http://www.tess-india.edu.in)* / मुक्त शैक्षिक संसाधन अनेकों संस्करणों में उपलब्ध हैं जो प्रत्येक राज्य के लिए उपयुक्त है जहाँ TESS India कार्यरत है। उपयोगकर्ता इन संसाधनों को अनुकूल और स्थानीयकृत करने के लिए स्वतंत्र हैं ताकि ये स्थानीय आवश्यकताओं और संदर्भों को पूरा कर सकें।

TESS-India मुक्त विश्वविद्यालय, ब्रिटेन के नेतृत्व में तथा ब्रिटेन की सरकार द्वारा वित्त-पोषित है।

वीडियो संसाधन

इस इकाई की कुछ गतिविधियों के साथ निम्न प्रतीक का उपयोग किया गया है: *. इससे संकेत मिलता है कि निर्दिष्ट अध्यापन संबंधी थीम के लिए TESS-India वीडियो संसाधनों को देखना आपके लिए उपयोगी होगा।*

TESS-India वीडियो संसाधन भारत में अनेक प्रकार की कक्षाओं के संदर्भ में मुख्य अध्यापन तकनीकों का वर्णन करते हैं। हमें आशा है कि वे आपको इसी प्रकार के अभ्यासों के साथ प्रयोग करने के लिए प्रेरित करेंगे। उनका उद्देश्य पाठ (टेक्स्ट) पर आधारित इकाइयों के माध्यम से काम करने के आपके अनुभव का पूरक होना और उसे बढ़ाना है।

TESS-India वीडियो संसाधनों को ऑनलाइन देखा या TESS-India की वेबसाइट, http://www.tess-india.edu.in/ से डाउनलोड किया जा सकता है। वैकल्पिक रूप से, आप ये वीडियो सीडी या मेमोरी कार्ड के माध्यम से भी देख सकते हैं।

संस्करण 2.0 SE12v1
Bihar

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है.
http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/

TESS-India is led by The Open University UK and funded by UK aid from the UK government

यह इकाई किस बारे में है

मेरे छात्र–छात्राओं को प्रायः अंग्रेजी में लबे गद्यांश पढ़ने होते हैं जैसे पूरक रीडर में होते हैं। मैं जानती हूँ कि इनका उद्देश्य छात्र–छात्राओं को पढ़ने का आनंद लेने, और विद्यालय से बाहर अंग्रेजी पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करना है। तथापि, मेरे छात्र–छात्राओं को इन गद्यांशों में अधिक दिलचस्पी नहीं है और वे अंग्रेजी में पढ़ने का बहुत अधिक आनंद लेते प्रतीत नहीं होते हैं। पढ़ने का आनंद लेने में मैं उनकी मदद कैसे कर सकती हूँ? और विद्यालय से बाहर अंग्रेजी में पढ़ने के लिए मैं उन्हें प्रोत्साहित कैसे कर सकती हूँ?

छात्र–छात्राओं को पढ़ने का आनंद लेने के लिए प्रोत्साहित करना उनके लिए लाभदायक होता है क्योंकि वह उनकी कल्पना और जिज्ञासा को प्रेरित और उत्साहित कर सकता है। अंग्रेजी में साहित्य का खजाना उपलब्ध है और अंग्रेजी में पढ़ने की क्षमता आपके छात्र–छात्राओं को इसका लाभ उठाने में समर्थ बनाती है। अंग्रेजी में पठन आपके छात्र–छात्राओं को नए कौशल और अवधारणाएं सीखा सकता है, और उन्हें दुनिया तथा विभिन्न संस्कृतियों के बारे में अधिक समझ विकसित करता है।

जब छात्र–छात्रा अंग्रेजी में पढ़ते हैं, तो वे कई अलग-अलग तरीकों से इस्तेमाल किए जा रहे शब्दों और व्याकरणात्मक संरचनाओं के उदाहरण देखते हैं। इससे उन्हें अपनी शब्दावली और व्याकरण के उपयोग को सुधारने में मदद मिलती है। किसी भी भाषा को छात्र–छात्रा जितना अधिक पढ़ते हैं, उतना ही अधिक वे उसमे बेहतर होते जाते हैं: 'reading is a transferable skill. Improving it in one language improves it in others' (National Curriculum Framework, 2005, p. 39)। तथापि, कई छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में पढ़ने में आनंद नहीं आता है, और वे पाठ्यपुस्तकों या पूरक रीडरों के गद्यांशों से परे अधिक अंग्रेजी नहीं पढ़ते हैं।

यह इकाई वर्णन करती है कि आप ऐसी कक्षा गतिविधियों की परिकल्पना कैसे कर सकते हैं जो छात्र–छात्राओं द्वारा पूरक रीडर और साथ ही अन्य पाठों का उपयोग करके अंग्रेजी में अधिक संधारणीय ढंग से संलिप्त होने के लिए अवसरों का निर्माण करती हैं।

आप इस इकाई में सीख सकते हैं

- छात्र–छात्राओं के लिए अंग्रेजी में अधिक लंबे गद्यांश पढ़ने के अवसरों का निर्माण करने के लिए कक्षा में की जाने वाली गतिविधियाँ।
- कक्षा से बाहर अंग्रेज़ी पढ़ने के लिए छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करने के तरीके।

1 अंग्रेजी में अधिक लंबे गद्यांश पढ़ने में छात्र–छात्राओं की रुचि को प्रोत्साहित करना

माध्यमिक स्तर के छात्र–छात्राओं से अंग्रेजी में कई लंबे गद्यांश पढ़ने की अपेक्षा की जाती है, उदाहरण के लिए पूरक रीडर में नाटक या गद्यांश। कक्षा 9 और 10 के लिए NCERT पाठ्यपुस्तकों से कुछ नाटक और गद्यांश ये हैं:

- ***The Happy Prince***: यह आइरिश लेखक Oscar Wilde द्वारा लिखी और 1888 में प्रकाशित परी कथा है। कहानी में 'happy prince' सोने की पत्तियों और जवाहरातों से सजी एक मूर्ति है। राजकुमार को एक शहर दिखाई देता है जहाँ कई लोग तकलीफ में हैं। वह एक अबाबील (swallow) से गरीबों की मदद करने के लिए अपना सोना और जवाहरात ले जाने को कहता है। अबाबील (swallow) मान जाती है, लेकिन ऐसा करते समय ठंड से मर जाती है। इससे राजकुमार का दिल टूट जाता है। एक फरिश्ता अबाबील (swallow) और राजकुमार के दिल को ईश्वर से मिलवाने के लिए स्वर्ग में ले जाता है। (यह परी कथा NCERT textbook *Moments: Supplementary Reader in English for Class IX* में उपलब्ध है।)

- ***The Accidental Tourist***: यह समकालीन अमेरिकन लेखक, बिल ब्रायसन द्वारा लिखी गई एक पुस्तक से लिया गया उद्धरण है। लेखक एक यात्री के रूप में अपने अनुभवों का वर्णन करता है। वह उन मजाकिया बातों के बारे में लिखता है जो उसके साथ हवाई जहाजों पर हुई थीं, जैसे बगल में बैठे व्यक्ति पर पेय छलका देना, या अपने बैग का सामान गिरा देना। (यह उद्धरण NCERT textbook *Moments: Supplementary Reader in English for Class IX* में उपलब्ध है।)
- ***The Proposal***: यह रूसी लेखक Anton Chekhov द्वारा 1888-9 में लिखा गया एक नाटक है। Ivan Lomov, Stephan Chubukov का एक धनी पड़ोसी, Stephan's की पुत्री, Natalya के साथ विवाह का प्रस्ताव लेकर आता है। मुलाकात में, Ivan और Natalya हर चीज के बारे में झगड़ते हैं और प्रस्ताव के बारे में लगभग भूल जाते हैं। Natalya विवाह के लिए सहमत हो जाती है, और
  कहा-सुनी जारी रहती है। (नाटक का यह कथानक NCERT textbook *First Flight: Textbook in English for Class X* में उपलब्ध है।)

The Hack Driver: यह अमेरिकन लेखक Sinclair Lewis द्वारा 1923 में लिखी गई एक लघु कथा है। यह एक युवा वकील के बारे में है जो एक कानूनी मामले में एक गवाह Oliver lutkin नामक व्यक्ति की तलाश में है,। वह एक ड्राइवर को नौकरी पर रखता है और वे पूरे कस्बे में Lutkins की तलाश करते हैं, लेकिन उसे खोज नहीं पाते। अंत में, वकील को पता चलता है कि दरअसल ड्राइवर ही Lutkins है, जिसकी उसे तलाश है। (यह कहानी NCERT textbook *Footprints without Feet: Supplementary Reader in English for Class X* में उपलब्ध है।)

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- क्या आपके विचार से आपके छात्र–छात्राओं को इन पाठों में दिलचस्पी होगी? क्या वे उनके जीवन के साथ प्रासंगिक हैं? क्या वे उनके संदर्भों से परिचित हैं?
- आप इन कहानियों और नाटकों को छात्र–छात्राओं के लिए सार्थक कैसे बना सकते हैं?

कुछ छात्र–छात्रा किसी भी तरह का साहित्यिक पाठ पढ़कर आनंदित होते हैं, लेकिन हो सकता है इनमें से कुछ कहानियाँ और नाटक कुछ छात्र–छात्राओं को शुरू में आकर्षक न लगें। कुछ मामलों में तो छात्र–छात्राओं को शीर्षक (उदाहरण के लिए, The Hack Driver) भी समझ में नहीं आता है, जिसके कारण वे उसे पढ़ने के लिए प्रेरित नहीं होते हैं। ऊपर सूचीबद्ध पाठ छात्र–छात्राओं के जीवन के साथ संबंध कैसे स्थापित करते हैं यह दर्शाने वाली एक तालिका संसाधन 1 में प्रदान की गई है।

यह जानने के लिए कि पूरक रीडर में दिए गए एक नाटक के विषय के साथ अपने छात्र–छात्राओं के अनुभवों को संबंधित करने के लिए एक शिक्षक ने कैसे एक सार्थक गतिविधि का सृजन किया, केस स्टडी 1 पढ़ें।

केस स्टडी 1: अनुपमा की शिक्षक नाटक पढ़ने में अधिक प्रेरित महसूस होने में कक्षा 10 की मदद करती है

अनुपमा कक्षा 10 की छात्रा है। उसके शिक्षक ने हाल ही में The Proposal, रूसी लेखक, Anton Chekhov द्वारा लिखा गया एक नाटक, पढ़ने के लिए कक्षा को अधिक प्रेरित महसूस होने में मदद की।

हमारी अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक के अंत में एक नाटक था। मुझे कहना पड़ेगा कि मुझे उससे बहुत सारी उम्मीद नहीं थी – वह बहुत लंबा दिख रहा था, और मुझे कुछ पता नहीं था कि वह किसके बारे में है। तथापि, कक्षा में हमारे नाटक को पढ़ने से पहले, हमारे शिक्षक/शिक्षिका ने हमसे उस समय के बारे में सोचने को कहा जब हम पिछली बार किसी विवाह में शामिल हुए थे । मैंने पिछले दिसंबर में हुए अपने चचेरे भाई के विवाह के बारे में सोचा। शिक्षक/शिक्षिका ने हमसे विवाह के प्रस्ताव (proposal) आम तौर पर जिन परम्पराओं के अनुसार किए जाते हैं उनके बारे में पूछा। कुछ छात्र–छात्राओं ने उत्तर दिए:



हमारे शिक्षक/शिक्षिका ने फिर हमसे पूछा कि क्या कभी हमने फिल्मों में विवाह के प्रस्ताव के दृश्य देखे हैं। मुझे कुछ याद नहीं आ रहा था, लेकिन सिक्ता ने अपना हाथ उठाया और एक फिल्म का नाम बताया: विवाह। फुल्की को एक और फिल्म की याद आई: ये जवानी है दीवानी। जल्दी ही छात्र–छात्रा और नाम लेने लगे थे, और तभी मुझे भी एक नाम याद आया: दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे। वह मेरी पसंदीदा फिल्मों में से एक है।

इसके बाद, हमारे शिक्षक/शिक्षिका ने ब्लैकबोर्ड पर 'The Proposal' शब्द लिखे, और हमसे पूछा कि क्या हमें पता है कि उसका क्या अर्थ है। हमने अपनी पिछली चर्चा के बाद इसका क्या अर्थ था उसका अनुमान लगाया। तब हमारे शिक्षक/शिक्षिका ने हमें तीन के समूहों में बैठाया। मेरे समूह में मेरी सहेली दीपा और एक अन्य लड़की, तनुश्री थी। शिक्षक/शिक्षिका ने हमसे किसी फिल्म के पारंपरिक प्रस्ताव दृश्य की कल्पना करने, और उन लोगों के बारे में सोचने को कहा जो उस दृश्य में होंगे। उन्होंने हमसे किरदारों के लिए नामों का चयन करने, और अंग्रेजी में उनका संक्षिप्त वर्णन करने को कहा। हमने निम्नलिखित लिखा:

Vinod: The bridegroom. He is a 26-year-old electrical engineer working in a big company in Mumbai.

Raveena: The bride. She is 22 years old and has just finished her graduation in English.

Mr Ashok Nath: Vinod's grandfather, and the head of the family.

Mr Alok Nath: Vinod's father, who is a senior government officer.

Mrs Meera Nath: Vinod's mother, who is a school teacher.

Dr Ramesh Kumar: Raveena's father, who is a well-known heart specialist.

Mrs Shanti Kumar: Raveena's mother, who is a housewife.

फिर उन्होंने हमसे दृश्य के लिए अंग्रेजी में कुछ पंक्तियाँ लिखने को कहा, जैसे कि हम फिल्म का वह भाग लिख रहे हों। दीपा, तनुश्री और मैंने दो किरदारों के लिए एक दृश्य लिखा: the bride's father, Dr Ramesh Kumar, and the bridegroom's grandfather, Mr Ashok Nath. अंग्रेजी में उनकी पंक्तियाँ लिखना थोड़ा कठिन था, लेकिन तनुश्री को बहुत अच्छी अंग्रेजी आती थी और उसने हमारी मदद की। हम 'horoscope' के लिए अंग्रेजी शब्द नहीं जानते थे इसलिए हमने अपने हाथ उठाए और शिक्षक/शिक्षिका से पूछा, और उन्होंने हमें बताया। हमने जो लिखा वह यह है:

Ramesh Kumar: Namaskar, Ashok Ji! How are you? We heard you have just recovered from viral fever. Are you all right now? You *have* to be – we need your blessings always!

Ashok Nath: Namaskar, Dr Sahab. My blessings – may you live a long life! What brings you to our house?

Ramesh Kumar: As you know, Ashok Ji, our Raveena has completed her graduation, and we would like to find her a groom.

Ashok Nath: Of course! You have a very intelligent daughter – she will get a good boy!

Ramesh Kumar: That is why we are here today. We would like to offer our Raveena as a bride for your grandson Vinod.

Ashok Nath: Hmm … if the boy and the girl are willing, I have no objection! But we will have to match their horoscopes.

जब हम तैयार हो गए, तो हमारे शिक्षक/शिक्षिका ने दो समूहों से प्रस्ताव के कुछ दृश्यों का अभिनय करने को कहा। उन्हें देखना मज़ेदार था। प्रीति ने बूढ़े आदमी Ashok sahib की भूमिका की और उसने मुझे हँसाया!

उसके बाद, शिक्षक/शिक्षिका ने हमें बताया कि हम *The Proposal* नामक नाटक पढ़ने जा रहे हैं। वह शादी के एक और प्रस्ताव के बारे में था, लेकिन यह कई वर्षों पहले रूस में हुआ था। उन्होंने हमसे पूछा कि हमारे विचार से उस समय विवाह का वह प्रस्ताव कैसा रहा होगा – हमें कुछ पता नहीं था। उन्होंने हमसे अपनी पाठ्यपुस्तक में नाटक को शीघ्रता से देखने, और पता करने को कहा कि कौन से किरदार इसमें शामिल थे। वे तीन थे: एक युवती, उसके पिता और एक आदमी जो युवती से विवाह करना चाहता था। मैं देखना चाहती थी कि क्या उन्होंने ऐसा कुछ कहा था जैसा हमने अपने दृश्य में लिखा था और क्या रूस की वैवाहिक परम्पराएं भारत की परम्पराओं से भिन्न हैं।

ज़रा सोचिए

अनुपमा के शिक्षक ने रूसी नाटक के इर्दगिर्द एक प्रेरणादायक गतिविधि का निर्माण कैसे किया?

केस स्टडी 1 में, शिक्षक ने अपने छात्र–छात्राओं से उनके द्वारा फिल्मों में देखे गए वैवाहिक प्रस्तावों के बारे में सोचने, और एक सरल दृश्य को अंग्रेजी में लिखने को कहा। इसने छात्र–छात्राओं को *The Proposal*, पढ़ने और उसमें उन्हें मिलने वाली भाषा के प्रकार के लिए तैयार किया। (छात्र–छात्राओं को पाठ के लिए तैयार करने के बारे में अधिक जानकारी के लिए इकाई *'समझने के लिए पढ़ने में सहायता करना'* देखें।) इससे नाटक – जो उन्नीसवीं शताब्दी के उत्तरार्ध के रूस को दर्शाता है – को छात्र–छात्राओं के अनुभवों और रुचियों के साथ जोड़ने में भी मदद मिलती है।

इस अवधारणा का उपयोग किसी भी प्रकार के पाठ के साथ किया जा सकता है जिसका अध्ययन करने की आपके छात्र–छात्राओं को जरूरत है। हो सकता है आप लेखक या गद्यांश से परिचित न हों। यदि नहीं, तो उसे पढ़ाने से पहले आप जितना अधिक हो सके उतना पता लगाने का प्रयास करें (उदाहरण के लिए, किसी सहकर्मी से पूछकर या, यदि आपको सुलभ हो तो, इंटरनेट पर जानकारी खोजकर)।

गतिविधि 1: छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी में पढ़ने के लिए तैयार करना

ऐसा कोई पाठ चुनें जिसका उपयोग आप अगले सप्ताह कक्षा में करने जा रहे हैं। इस बारे में सोचें कि आप इससे अपने छात्र–छात्राओं को कैसे परिचित कराएंगे।

ये प्रश्न आपको यह सोचने में मदद करेंगे कि आप पाठ को अपने छात्र–छात्राओं के जीवन के साथ कैसे जोड़ सकते हैं:

- गद्यांश को किसने लिखा? क्या छात्र–छात्रा लेखक से परिचित हैं?
- गद्यांश किस बारे में है? क्या वह उन विषयों के बारे में है जिनसे आपके छात्र–छात्रा परिचित हैं? क्या वह किसी अन्य (अपरिचित) स्थान में सेट किया गया है?
- गद्यांश को कब लिखा गया था? क्या उपयोग किए गए विचार, मूल्य और शब्द उनसे भिन्न हैं जो आपके छात्र–छात्राओं को ज्ञात हैं?

अब अपने छात्र–छात्राओं को पाठ से परिचित कराने के लिए एक गतिविधि की योजना बनाएं और पढ़ाएं। आप नाटक, रोल प्ले या चर्चा का उपयोग कर सकते हैं, या उसे किसी आधुनिक टीवी नाटक या गाने से जोड़ सकते हैं। यह काम करने के तरीकों के बारे में अधिक अवधारणाओं के लिए संसाधन 2, 'रोल प्ले और नाटक का उपयोग करना' देखें।

वीडियो: कहानी सुनाना, गीत, रोल प्ले और नाटक

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- क्या आपके विचार से आपके छात्र–छात्रा आपकी परिचयात्मक गतिविधि के बाद गद्यांश को पढ़ने के लिए अधिक प्रेरित हुए?
- क्या सभी छात्र–छात्रा भाग ले रहे थे? अगली बार आप क्या परिवर्तन करेंगे?

2 अधिक लंबे पाठ को पढ़ने में दिलचस्पी बनाए रखने में छात्र–छात्राओं की मदद करना

आपके लिए अपने छात्र–छात्राओं को किसी पाठ को पढ़ना शुरू करने के लिए उसे उनके जीवन और अनुभवों से जोड़ कर प्रेरित करना संभव है। तथापि उस दिलचस्पी को बनाए रखना कठिन हो सकता है, खास तौर पर जब पाठ लंबा है। अंग्रेजी के अधिक लंबे गद्यांशों को पढ़ने में दिलचस्पी बनाए रखने में छात्र–छात्राओं की मदद करने के लिए अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा सुझाए गए कुछ विचार यहाँ प्रस्तुत हैं।

मैं गद्यांश को खंडों में बाँटता हूँ और छात्र–छात्राओं से प्रत्येक खंड के साथ अलग-अलग गतिविधियाँ करवाता हूँ। उदाहरण के लिए, एक पीरियड में मैं छात्र–छात्राओं को समूहों में रख सकता हूँ, और फिर समूह के एक छात्र–छात्रा से एक खंड को अपने साथियों को ऊँची आवाज में सुनाने को कहता हूँ। समूह के अन्य सदस्य सुनते हैं और अपनी किताबों को देखे बिना नोट्स बनाते हैं, और फिर गद्यांश के बारे में उन्होंने जो कुछ समझा है उस पर चर्चा करते हैं। किसी अन्य पीरियड में, मैं छात्र–छात्राओं से गद्यांश के किसी भिन्न खंड को चुपचाप पढ़ने को कहता हूँ, और फिर बोध संबंधी प्रश्नों के उत्तरों पर जोड़ियों में चर्चा करने को कहता हूँ। फिर मैं उत्तर बोलकर उनसे लिखवाता हूँ।

सबसे पहले, मैं गद्यांश को घर पर पढ़ता हूँ और उसे खंडों में बाँटता हूँ। कक्षा में, मैं छात्र–छात्राओं को तीन या चार के छोटे समूहों में बैठाता हूँ, और प्रत्येक समूह को गद्यांश का अलग खंड आबंटित करता हूँ। फिर मैं प्रत्येक समूह से खंड को पढ़ने, और जो कुछ उन्होंने पढ़ा है उसका सारांश लिखने को कहता हूँ। जब वे काम समाप्त कर लेते हैं, तब मैं गद्यांश का पहला खंड पढ़ने वाले समूह से सारी कक्षा को अपना सारांश पढ़कर सुनाने को कहता हूँ। फिर मैं दूसरे समूह से, और फिर अगले वाले से कहता जाता हूँ। इसका मतलब यह है कि सारी कक्षा सारे गद्यांश में जो कुछ होता है उसे सुनती है। साथ ही, इससे समय बचता है।

गद्यांशों को विभाजित करने और प्रत्येक खंड के साथ विविध प्रकार की गतिविधियाँ करने से वे आपके छात्र–छात्राओं के लिए अधिक दिलचस्प बन जाती हैं। आपको चिंता हो सकती है कि आपके छात्र–छात्रा इसे करने में समर्थ नहीं हैं क्योंकि वे स्वतंत्र रूप से नहीं पढ़ सकते हैं, या कि वे गद्यांशों के प्रत्येक शब्द को नहीं समझेंगे।

यह सच है कि हो सकता है कि वे पढ़े गए हर शब्द को न समझ सकें, लेकिन उन्हें आम तौर पर गद्यांश की एक सामान्य समझ बनेगी – कहानी की सबसे महत्वपूर्ण घटनाएं और मुख्य बातें। समझने के लिए पढ़ने से उन्हें गद्यांश का आनंद लेने में मदद मिलेगी, जो फिर बेहतर पाठक बनने में उनकी मदद करेगा (देखें इकाइयाँ 'समझने के लिए पठन में सहायता करना' और 'समग्र कक्षा पठन दिनचर्याएं')। केस स्टडी **2** में आप पढ़ सकते हैं कि एक शिक्षक ने इस तकनीक का कैसे उपयोग किया और फिर इसे गतिविधि **2** में स्वयं आजमाएं।

केस स्टडी 2: श्री सुनील कुमार कक्षा 9 को *The Happy Prince* पढ़ाते हैं

श्री सुनील कुमार कक्षा 9 को अंग्रेजी पढ़ाते हैं। उन्हें पूरक रीडर से कहानी The Happy Prince पढ़ानी थी। यहाँ वे वर्णन करते हैं कि कहानी के दूसरे खंड के साथ उन्होंने क्या किया (देखें संसाधन 3)।

मेरे छात्र–छात्राओं ने एक पिछली कक्षा में कहानी का पहला खंड किया। वह खंड कहानी में The Sparrow के एक प्रश्न के साथ समाप्त हुआ: Why are you weeping then?

मैंने छात्र–छात्राओं को उस प्रश्न की याद दिलाई, और उनसे अनुमान लगाने को कहा कि राजकुमार क्यों रो रहा था। एक या दो छात्र–छात्राओं ने कुछ सुझाव दिए:

The Prince is weeping because he can't move.

The Prince is weeping because he is dead.

मैंने कक्षा से सुनने और पता लगाने को कहा कि the Prince क्यों रो रहा था। फिर मैंने गद्यांश से कुछ पंक्तियाँ ऊँची आवाज में पढ़ीं [NCERT, 2006a]:

> 'Why are you weeping then?' asked the swallow. 'You have quite drenched me.'
>
> 'When I was alive and had a human heart,' answered the statue, 'I did not know what tears were, for I lived in the Palace, where sorrow is not allowed to enter. My courtiers called me the Happy Prince, and happy indeed I was. So I lived, and so I died. And now that I am dead they have set me up here so high that I can see the ugliness and all the misery of my city, and though my heart is made of lead yet I cannot choose but weep.'

> ‘What! Is he not solid gold?’ said the swallow to himself. He was too polite to make any personal remarks.

मैंने गद्यांश को दोबारा पढ़ा, और कक्षा से अपने सहपाठियों के साथ चर्चा करने को कहा कि the Prince क्यों रो रहा था। कुछ छात्र–छात्राओं ने यह समझा कि वह इसलिए रो रहा था क्योंकि वह शहर की ‘बदसूरती और दुर्गति’ देख सकता था। फिर मैंने कक्षा को तीन छात्र–छात्राओं के समूहों में बैठाया। 53 छात्र–छात्राओं के साथ, 17 समूह और एक जोड़ी बनी। मैंने कमरे के एक ओर बैठे समूहों को दर्जिन (Seamstress) की कहानी के बारे में The Happy Prince से खंड दिया (‘Far away …’ से ‘Thinking always made him sleepy.’ तक)

मैंने कमरे के दूसरी ओर बैठे समूहों को अटारी (garret) के लेखक की कहानी आबंटित की (‘When day broke ...‘ से ’... and he looked quite happy’ तक।)

मैंने छात्र–छात्राओं से अपने खंड चुप रहकर पढ़ने, और फिर उनकी घर की भाषा में एक लघु सारांश लिखने के लिए समूहों में काम करने को कहा। मैंने कक्षा को खंड को पढ़ने और सारांश लिखने के लिए 30 मिनट दिए। जब वे पढ़ और अपने सारांश लिख रहे थे तब मैंने कमरे में चहलकदमी की और जाँच की कि छात्र–छात्राओं को पता है कि उन्हें क्या करना है, और गद्यांशों के बारे में प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, एक छात्र–छात्रा ने मुझसे पूछा कि वाक्यांश ‘withered violets’ का क्या अर्थ है।

जब वे तैयार हो गए, तो मैंने कमरे के प्रत्येक ओर से एक समूह से अपने सारांश पढ़कर सुनाने को कहा, ताकि सारी कक्षा दोनों खंडों में से प्रत्येक से एक सारांश सुन सके। मैंने उनसे बताने को कहा

कक्षा का अंत होने तक, छात्र–छात्राओं को पता चल गया था कि कहानी के लंबे खंड में क्या हुआ था, हालांकि उन्होंने उसे पूरा पढ़ा तक नहीं था। वास्तव में, प्रत्येक शब्द को मिलाकर पढ़ना उनके लिए महत्वपूर्ण नहीं था – और जो छात्र–छात्रा पढ़ना चाहते हैं वे दोनों खंडों को घर पर पढ़ सकते हैं।

गतिविधि 2: कई कक्षाओं में किसी अधिक लंबे पाठ को पढ़ाने की योजना बनाना

पाठ्यपुस्तक या पूरक रीडर से कोई अधिक लंबा गद्यांश निकालें जिसे आप जल्दी ही पढ़ाएंगे। गद्यांश को पढ़ें और उसे खंडों की उपयुक्त संख्या में विभाजित करें (जैसे चार)। याद रखें कि हर खंड एक पाठ के लिए है।

एक अलग गतिविधि की योजना बनाएं जिसे आपके छात्र–छात्रा प्रत्येक खंड के साथ कर सकें जो उन्हें चारों कौशलों पढना, लिखना, सुनना एवं बोलना में से प्रत्येक का उपयोग करने देता है। नीचे दी गई सूची में कुछ अवधारणाएं हैं। काम करने के विविध तरीकों का उपयोग करने का प्रयास करें – उदाहरण के लिए, कुछ गतिविधियाँ सारी कक्षा के साथ की जा सकती हैं, जबकि अन्य को समूहों या जोड़ियों में। आपको हमेशा स्पष्ट होना चाहिए कि आप किसी विशेष तरीके का उपयोग क्यों कर रहे हैं।

- **सुनना:** छात्र–छात्राओं को अपनी किताबों को बंद रखते हुए, सुनते समय खंड को ऊँची आवाज में पढ़ें। उनसे जानकारी या प्रश्नों के उत्तरों को लिए सुनने को कहा जाना चाहिए।
- **सुनना:** छात्र–छात्रा खंडों को पढ़ते या सुनते हैं और उस दृश्य या जो कुछ होता है उसको दर्शाने वाले चित्र या कार्टून बनाते हैं।
- **पढ़ना:** छात्र–छात्राओं से एक खंड को चुप रहकर पढ़ने को कहें (शायद एक समय सीमा के साथ)। फिर उनसे जानकारी या प्रश्नों के उत्तरों के लिए देखने को कहा जाना चाहिए।

- **पढ़ना/सुनना और लिखना:** छात्र–छात्रा खंड को पढ़ते या सुनते हैं और नोट्स लेते हैं। फिर उन्हें सारांश लिखने या पाठ की पुनर्संरचना करने के लिए अपने नोट्स का उपयोग करना चाहिए।
- **पढ़ना/सुनना, लिखना और बोलना:** छात्र–छात्रा खंडों को पढ़ते या सुनते हैं और अंग्रेजी में सारांश लिखते हैं। फिर उन्हें ये सारांश कक्षा के सामने प्रस्तुत करने चाहिए।
- **पढ़ना/सुनना और लिखना/बोलना:** छात्र–छात्रा खंडों को पढ़ते या सुनते हैं और बोध संबंधी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जोड़ियों या समूहों में काम करते हैं।

तालिका 1 जैसे फार्म का उपयोग करते हुए अपनी अवधारणाएं रिकार्ड करें। संसाधन 4 में आपको एक पूरी की हुई तालिका मिल सकती है।

तालिका 1 *अधिक लंबे पाठ को पढ़ाने के लिए योजना बनाना।*

कक्षा	
गद्यांश	

खंड	**गतिविधि**

योजना बनाने पर अधिक जानकारी के लिए संसाधन 5, 'सीखने की योजना बनाना' देखें।

वीडियो: सीखने की योजना बनाना

ज़रा सोचिए

यहाँ इस गतिविधि को आजमाने के बाद आपके विचार करने के लिए कुछ प्रश्न दिए गए हैं। यदि संभव हो, तो इन प्रश्नों की चर्चा किसी सहकर्मी के साथ करें।

- क्या गद्यांशों को खंडों में विभाजित करने से आपके छात्र–छात्राओं की समझने और दिलचस्पी बनाए रखने में मदद की?
- क्या पीरियडों की संख्या पर्याप्त थी? यदि नहीं, तो क्या आप छात्र–छात्राओं से कक्षा में आने से पहले घर पर अपने खंड को पढ़ने के लिए कह सके?

- क्या आपको अपनी योजनाओं को किसी तरह से संशोधित करने की जरूरत पड़ी? ऐसा क्यों हुआ?

इस तरह की योजना को आजमाने के बाद, नोट करें कि इसमें क्या कारगर रहा है और पाठ्यपुस्तक या पूरक रीडर से किसी अन्य गद्यांश के साथ एक और योजना बनाएं। देखें कि आपके छात्र–छात्राओं की सीखने की क्रिया को सुधारने में क्या कारगर है।

3 कक्षा से बाहर अंग्रेज़ी पढ़ने के लिए छात्र–छात्राओं को प्रोत्साहित करना

ज़रा सोचिए

अपने छात्र–छात्राओं के बारे में इन प्रश्नों का उत्तर देने का प्रयास करें। यदि आप निश्चित नहीं हैं, तो अपने छात्र–छात्राओं से पूछें।

- आपके छात्र–छात्रा अंग्रेजी में और अन्य भाषाओं में क्या पढ़ते हैं?
- वे क्या पढ़ने में आनंद लेते हैं?

कई छात्र–छात्रा पाठ्यपुस्तक और पूरक रीडर से हटकर अंग्रेजी में ज्यादा नहीं पढ़ते हैं। वे अन्य भाषाओं में अधिक पढ़ सकते हैं, और वे किताबों, पत्रिकाओं या अखबारों में सभी तरह के विभिन्न पाठों को पढ़ने का आनंद ले सकते हैं, जैसे फिल्मों और खेलकूद के बारे में लेख; जानकारीपूर्ण और तथ्यात्मक पाठ; कॉमिक्स और पत्रिकाएं; चुटकुले और कार्टून। कुछ छात्र–छात्राओं को इंटरनेट सुलभ रह सकता है – या शायद भविष्य में होगा – और अंग्रेजी में सभी तरह के पाठ ऑनलाइन पढ़ सकते हैं।

यदि संभव हो, तो आप इस प्रकार के पाठों को अंग्रेजी कक्षा में ला सकते हैं। आप अपने छात्र–छात्राओं को अपने पसंदीदा पाठों को कक्षा में लाने के लिए आमंत्रित भी कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, यदि आपके छात्र–छात्राओं को कार्टून अच्छे लगते हैं, तो उन्हें किसी अंग्रेजी अखबार में कार्टून मिल सकते हैं। जब छात्र–छात्रा पढने की सामग्री स्वयं चुनते हैं तो उसमें उनको आनंद लेने की संभावना बढ़ जाती है (देखें इकाई *पाठ्यपुस्तक से परे संसाधनों का उपयोग करना*) /

यदि आपके पास विद्यालय पुस्तकालय हो तो ये अच्छे संसाधन बन सकते हैं। National Focus Group on Teaching of English द्वारा लिखा गया पोजीशन पेपर (NCERT, 2006, खंड 1.2.2) कहता है कि कक्षा के पुस्तकालयों वाले विद्यालयों के छात्र–छात्रा 'उन विद्यालयों के छात्र–छात्राओं से बेहतर पढ़ते हैं जहाँ पठन नीरस पाठों और बार-बार लिए जाने वाली स्पेलिंग सूचियों की सामान्य परीक्षाओं तक सीमित होता है'। यदि आपके पास पुस्तकालय नहीं है, तो शायद आप स्वयं पुस्तकालय बना सकते हैं। हो सके, तो कुछ सस्ती किताबें खरीदें और कक्षा का पुस्तकालय स्थापित करें। फिर से, यदि संभव हो तो पड़ोसी विद्यालयों के शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ किताबों का आदान-प्रदान करें, और जहाँ संभव हो माता-पिता को योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करें। यदि आपके कस्बे या गाँव में अंग्रेजी किताबें उपलब्ध नहीं हैं, तो यात्रा करने वाले मित्र या सहकर्मी शायद आपके लिए कुछ किताबें खरीद कर ला सकते हैं।

यदि आप या आपके छात्र–छात्राओं को इंटरनेट उपलब्ध है, तो आपको कई अंग्रेजी पाठ पढ़ने को मिल सकते हैं। आपको पाठ्यपुस्तकों और पूरक रीडरों में दी गई कई कविताओं, कहानियों, नाटकों और लेखकों से संबंधित संसाधन भी मिल सकते हैं, उदाहरण के लिए कविताओं की विडियो रिकार्डिंग्स और वीडियो। आपको कुछ उपयोगी ऑनलाइन संसाधनों के लिए लिंक्स संसाधन 6 में मिल सकते हैं।

गतिविधि 3: अंग्रेजी में छात्र–छात्राओं के पठन को विस्तारित करना

यहाँ कुछ गतिविधियाँ प्रस्तुत हैं जो छात्र–छात्राओं को कक्षा से परे अंग्रेजी में पढ़ने को प्रोत्साहित करती हैं। एक को चुनें और उसे अपने छात्र–छात्राओं के साथ आजमाएं। गतिविधि के बाद, विचार करें कि वह कैसे चली; क्या आपके सभी छात्र–छात्राओं ने भाग लिया? क्या आपको किसी बिंदु पर गतिविधि में हस्तक्षेप करना पड़ा? यदि हाँ, तो क्यों? इस गतिविधि में आपने उनकी सीखने की प्रक्रिया का आकलन कैसे किया?

- **एक रीडिंग लॉगबुक:** छात्र–छात्रा जो कुछ भी अंग्रेजी में पढ़ते हैं उसकी एक डायरी रखते हैं, जिनमें पाठ्यपुस्तक के अध्याय और पूरक रीडर के गद्यांश शामिल हैं। उन्हें हर पाठ के लिए एक पृष्ठ पूरा करना चाहिए, जिसमें पाठ का नाम, लेखक, पाठ के बारे में उन्हें अच्छी या बुरी लगने वाली बातें, वह किरदार जो उन्हें सबसे अधिक अच्छा लगा (जहाँ प्रासंगिक हो), इत्यादि जैसी जानकारी होनी चाहिए। उन्हें पाठ के बारे में अपने विचार और अनुभूतियाँ लिखने के लिए प्रोत्साहित करें। वे यह अंग्रेजी या अपने घर की भाषा में कर सकते हैं। लॉगबुक्स पर चर्चा और उन्हें साझा करने के लिए आप हर महीने के अंत में एक या दो कक्षाएं अलग रख सकते हैं।
- **कक्षा की प्रतियोगिताएं:** पठन से संबंधित नियमित प्रतियोगिताएं शुरू करें। यह पाठ पर आधारित कोई चित्र बनाना, कोई कहानी सुनाना, कविता सुनाना या कहानी अथवा कविता लिखना हो सकता है। छात्र–छात्राओं के काम के उदाहरण प्रदर्शित करें।
- **नाटक:** कक्षा नाटक का आयोजन करें। छात्र–छात्राओं से कोई नाटक चुनने या लिखने को कहें (जिसके साथ आप मदद कर सकें)। छात्र–छात्रा अभिनेताओं का चुनाव कर सकते हैं, संवाद लिख सकते हैं, अवलंब बना सकते हैं, दृश्यों का निर्देशन कर सकते हैं इत्यादि। फिर वे छात्र–छात्राओं और शिक्षक/शिक्षिकाओं के लिए अपने नाटक खेल सकते हैं। माता-पिता को भी आमंत्रित किया जाना चाहिए।
- **अतिथि को आमंत्रित करना:** यदि संभव हो तो स्थानीय क्षेत्र के किसी लेखक को लेखन और पढने के लाभों के बारे में बोलने के लिए आमंत्रित करें। इससे फर्क नहीं पड़ता कि लेखक आपके घर की भाषा में लिखता है। पठन के लाभ किसी भी भाषा में प्रासंगिक होते हैं।
- **A 'Reading in English' day:** किसी अन्य कक्षा, या किसी अन्य विद्यालय के छात्र–छात्राओं के साथ एक 'Reading in English' दिवस का आयोजन करें। पाठ्यक्रम या अन्य से पाठों को पढ़ने से संबंधित विभिन्न गतिविधियाँ तैयार करें। इन गतिविधियों में पाठ या पाठ के अंशों को जोर से पढ़ना, पाठ के बारे में प्रश्नोत्तरियाँ, या गद्य पाठ को नाटक में, नाटक को कहानी में, कहानी को कविता में, कविता को पत्र में बदलना इत्यादि शामिल हो सकता है। पुरस्कार दिए जा सकते हैं।

समारोहों, दौरों, प्रतियोगिताओं और पुरस्कारों को आयोजित करने में समय एवं प्रयास की जरूरत पड़ सकती है। शायद आप उन्हें अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं और पड़ोसी विद्यालयों के साथियों के साथ आयोजित कर सकते हैं। याद रखें कि छात्र–छात्रा ऐसी गतिविधियों से प्रेरित महसूस करेंगे, और कि वे उन्हें अंग्रेजी कक्षाओं और अंग्रेजी सीखने के बारे में सकारात्मत ढंग से सोचने को प्रोत्साहित करेंगी।

4 सारांश

पाठ्यपुस्तकों और पूरक रीडरों के कई गद्यांश अपरिचित लेखकों द्वारा कई वर्ष पहले लिखे गए होते हैं। इन पाठों में छात्र–छात्राओं को कहानियों और किरदारों के साथ संबंध स्थापित करना कठिन हो सकता है। ऐसे गद्यांश पढ़ने में छात्र–छात्राओं को अधिक दिलचस्पी लेने में मदद करने के लिए आप लेखकों और उनकी अवधारणाओं तथा छात्र–छात्राओं के जीवन और अनुभवों के बीच संबंध स्थापित कर सकते हैं। गद्यांश को खंडों में बाँटकर और प्रत्येक खंड के लिए अलग-अलग गतिविधियों की योजना बनाकर आप उस दिलचस्पी को बनाए रखने में उनकी मदद कर सकते हैं। ये गतिविधियाँ गद्यांश

की एक सामान्य समझ पर संकेंद्रित होती हैं और छात्र–छात्राओं को अंग्रेजी भाषा के कई कौशलों को भी विकसित करने के अवसर देती हैं (जैसे सुनना और लिखना)।

आप पढ़ने में रुचि को आगे प्रोत्साहित करने के लिए कक्षा या विद्यालय के लिए प्रतियोगताओं, यात्राओं और समारोहों जैसी गतिविधियाँ आयोजित कर सकते हैं।

ये तकनीकें अंग्रेजी में पढ़ने का अधिक आनंद लेने में छात्र–छात्राओं की मदद करेंगी। जब छात्र–छात्रा अधिक पढ़ते हैं, तब उनकी अंग्रेजी सुधरती है, वे दुनिया और उसके लोगों के बारे में अधिक सीखते हैं, और किसी भी भाषा में पढने का अधिक आनंद लेते हैं। कक्षा में साहित्य पढ़ने और उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के बारे में आप अधिक जानकारी इस इकाई के अतिरिक्त संसाधन खंड में पढ़ सकते हैं।

संसाधन

संसाधन 1: गद्यांशों का संबंध छात्र–छात्राओं के जीवन से जोड़ना

तालिका R1.1 *गद्यांशों का संबंध छात्र–छात्राओं के जीवन से जोड़ना।*

गद्यांश	छात्र–छात्राओं के प्रेरित न महसूस करने के संभावित कारण	इस गद्यांश का संबंध छात्र–छात्राओं के जीवन से जोड़ने के तरीके
The Happy Prince: आयरिश लेखक Oscar Wilde द्वारा लिखित और 1888 में प्रकाशित एक परी कथा।	लेखक Oscar Wilde अपरिचित हो सकता है ईसाई मूल्यों को समझना गैर-ईसाई छात्र–छात्राओं के लिए कठिन हो सकता है परी कथा 'पुराने फैशन' की लग सकती है। संभव है छात्र–छात्राओं को पता न हो कि अबाबील (swallow), या उसकी स्थानांतरण करने की आदतें क्या हैं संभव है छात्र–छात्रा अन्य देशों के राजाओं और राजकुमारों के जीवन को न समझ पाएं	छात्र–छात्राओं को लेखक के बारे में जानकारी दें ईसाई मूल्यों को अन्य धार्मिक मूल्यों से जोड़ें परी कथाओं की अवधारणा को भारतीय परी कथाओं से जोड़ें भारतीय पक्षियों के स्थानांतरण पर चर्चा करें अमीर लोगों के आराम पर चर्चा करें, और उसकी तुलना गरीबी के साथ करें किसी ऐसे व्यक्ति पर चर्चा करें जो गरीबों और जरूरतमंदों के लिए अपने जीवन का त्याग करने के लिए जाना जाता है चर्चा करें कि खुश रहने के लिए क्या चाहिए – अमीरी, दयालुता आदि।
The Accidental Tourist: समकालीन अमेरिकन लेखक, Bill Bryson की किताब से एक उद्धरण	कहानी यह मानती है कि पाठक खूब यात्रा करते हैं, और हवाईजहाज से उड़ने से परिचित हैं हो सकता है छात्र–छात्रा 'फ्रीक्वेंट फ्लायर माइल्स' जैसी अवधारणाएं न समझ पाएं संभव है छात्र–छात्रा हास्य-व्यंग को आसानी से न समझें	उन यात्राओं पर चर्चा करें जो छात्र–छात्राओं ने (ट्रेन पर) की हैं हवाई यात्रा करने की विधियाँ समझाएं हवाई यात्रा से संबंधित शब्दावली पढ़ाएं चर्चा करें कि लोग यात्रा के समय अपने सहयात्रियों के साथ कैसे बर्ताव करते हैं

गद्यांश	छात्र–छात्राओं के प्रेरित न महसूस करने के संभावित कारण	इस गद्यांश का संबंध छात्र–छात्राओं के जीवन से जोड़ने के तरीके
The Proposal रूसी लेखक Anton Chekhov द्वारा 1888-9 में लिखा गया एक नाटक	लेखक Anton Chekov अपरिचित हो सकता है यह नाटक 19वीं शताब्दी के रूस की वैवाहिक परम्पराओं का उपहास करता है – छात्र–छात्राओं के इन परम्पराओं से परिचित होने की संभावना नहीं है हो सकता है कि छात्र–छात्रा विवाह करने से संबंधित तनावों के बारे में अधिक न समझें	भारत के महान नाटककारों की चर्चा करें और छात्र–छात्राओं को लेखक के बारे में बताएं रूस की वैवाहिक परम्पराओं की तुलना भारत से करें विगत और वर्तमान वैवाहिक रीतियों की तुलना करें दहेज और शादी में उपहार देने से संबंधित रिवाजों पर चर्चा करें।
The Hack Driver अमेरिकन लेखक Sinclair Lewis द्वारा 1923 में लिखित एक लघु कथा	इसके शीर्षक को समझने में कठिनाई होती है कानूनी शब्दावली और अवधारणाओं को समझना कठिन हो सकता है संभव है छात्र–छात्रा अमेरिकन कस्बों और 1920 के दशक में उनकी जीवन-शैली से परिचित न हों।	धोखेबाजों और चालबाजों के बारे में अन्य कहानियों, किताबों या फिल्मों के साथ संबंध स्थापित करें (जैसे *Jolly LLB*) कानूनी शब्दावली पढ़ाएं शीर्षक को स्पष्ट करने के लिए (पाठ्यपुस्तक से) चित्रों का उपयोग करें चर्चा करें कि आज के अमेरिकन कस्बों में जीवन-शैली के बारे में छात्र–छात्रा क्या जानते हैं और उसकी तुलना कहानी से करें

संसाधन 2: रोल प्ले और नाटक का उपयोग करना

छात्र–छात्रा उस समय सबसे अच्छे ढंग से सीखते हैं जब वे शिक्षण के अनुभव से सक्रिय रूप से जुड़े होते हैं। दूसरों के साथ परस्पर संवाद और अपने विचारों को साझा करने से आपके छात्र–छात्रा अपनी समझ की गहराई बढ़ा सकते हैं। रोल प्ले और नाटक दो पद्धतियाँ हैं जिनका उपयोग गणित और विज्ञान सहित, पाठ्यक्रम के क्षेत्रों की शृंखला भर में किया जा सकता है।

रोल प्ले

रोल प्ले गतिविधि वह होती है, जिसमें छात्र–छात्रा कोई भूमिका निभाते हैं और किसी छोटे परिदृश्य के दौरान, वे उस भूमिका में बोलते और अभिनय करते हैं, तथा वे जिस पात्र की भूमिका निभा रहे हैं, उसके व्यवहार और उद्देश्यों को अपना लेते हैं। इसके लिए कोई स्क्रिप्ट नहीं दी जाती, लेकिन यह महत्वपूर्ण है कि छात्र–छात्राओं को शिक्षक/शिक्षिका द्वारा पर्याप्त जानकारी दी जाए, ताकि वे उस भूमिका को समझ सकें। भूमिका निभाने वाले छात्र–छात्राओं को अपने विचारों और भावनाओं की त्वरित अभिव्यक्ति के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

रोल प्ले के कई लाभ हैं क्योंकि:

- इसमें वास्तविक जीवन की स्थितियों पर विचार करके अन्य लोगों की भावनाओं के प्रति समझ विकसित की जाती है।
- इससे निर्णय लेने का कौशल विकसित होता है।
- यह छात्र–छात्राओं को सीखने की प्रक्रिया में सक्रिय रूप से शामिल करती है और सभी छात्र–छात्राओं को योगदान करने का अवसर मिलता है।
- यह विचारों के उच्चतर स्तर को प्रोत्साहित करती है।

रोल प्ले से छोटे छात्र–छात्राओं को अलग अलग सामाजिक स्थितियों में बात करने का आत्मविश्वास विकसित करने में मदद मिल सकती है, उदाहरण के लिए, किसी स्टोर में खरीददारी करने, किसी स्थानीय स्मारक पर पर्यटकों को रास्ता दिखाने या एक टिकट खरीदने का अभिनय करना। आप कुछ वस्तुओं और चिह्नों के द्वारा सरल दृश्य तैयार कर सकते हैं, जैसे 'कैफे', 'अस्पताल' या 'गैरेज'। अपने छात्र–छात्राओं से पूछें, 'यहाँ कौन काम करता है?', 'वे क्या कहते हैं?' और 'हम उनसे क्या पूछते हैं?' और उन्हें इन क्षेत्रों की भूमिकाओं में बातचीत करने के लिए प्रोत्साहित करें, तथा उनकी भाषा के उपयोग का अवलोकन करें।

रोल प्ले करने से पुराने छात्र–छात्राओं के जीवन के कौशलों का विकास हो सकता है। उदाहरण के लिए, कक्षा में हो सकता है कि आप इस बात का पता लगा रहे हों कि टकराव को किस प्रकार से खत्म किया जाए। इसके बजाय अपने विद्यालय या समुदाय से कोई वास्तविक घटना लेने के बजाय, आप इसी तरह के, लेकिन इससे भिन्न, किसी परिदृश्य का वर्णन कर सकते हैं, जिसमें यही समस्या उजागर होती हो। छात्र–छात्राओं को भूमिकाएँ आवंटित करें या उन्हें अपनी भूमिकाएँ खुद चुनने को कहें। आप उन्हें योजना बनाने का समय दे सकते हैं या उनसे तुरंत भूमिका अदा करने को कह सकते हैं। भूमिका अदा करने की प्रस्तुति पूरी कक्षा को दी जा सकती है या छात्र–छात्रा छोटे–छोटे समूहों में भी कार्य कर सकते हैं, ताकि किसी एक समूह पर ध्यान केंद्रित न रहे। ध्यान दें कि इस गतिविधि का उद्देश्य भूमिका निभाने का अनुभव लेना और इसका अर्थ समझाना है; आप उत्कृष्ट अभिनय प्रदर्शन या बॉलीवुड के अभिनय पुरस्कारों के लिए अभिनेता नहीं ढूँढ रहे हैं।

रोल प्ले करने का उपयोग विज्ञान और गणित में भी करना संभव है। छात्र–छात्रा अणुओं के व्यवहार की नकल कर सकते हैं, और एक-दूसरे से संपर्क के दौरान कणों की विशेषताओं का वर्णन कर सकते हैं या उनके व्यवहार को बदलकर ऊष्मा या प्रकाश के प्रभाव को दर्शा सकते हैं। गणित में, छात्र–छात्रा कोणों या आकृतियों की भूमिका निभाकर उनके गुणों और संयोजनों को खोज सकते हैं।

नाटक

कक्षा में नाटक का उपयोग अधिकतर छात्र–छात्राओं को प्रेरित करने के लिए एक अच्छी रणनीति है। नाटक कौशलों और आत्मविश्वास का निर्माण करता है, और उसका उपयोग विषय के बारे में आपके छात्र–छात्राओं की समझ का आकलन करने के लिए भी किया जा सकता है। उदाहरण के लिए, यह दिखाने के लिए कि संदेश किस प्रकार से मस्तिष्क से कानों, आंखों, नाक, हाथों और मुंह तक जाते हैं और वहां से फिर वापस आते हैं, टेलीफोनों का उपयोग करके मस्तिष्क किस प्रकार काम करता है इसके बारे में अपनी समझ पर एक नाटक किया गया। या संख्याओं को घटाने के तरीके को भूल जाने के भयानक परिणामों पर एक लघु, मज़ेदार नाटक युवा छात्र–छात्राओं के मन में सही पद्धतियों को स्थापित कर सकता है।

नाटक प्रायः शेष कक्षा, स्कूल के लिए या अभिभावकों और स्थानीय समुदाय के लिए प्रदर्शन की प्रवृति विकसित करता है। यह लक्ष्य छात्र–छात्राओं में कार्य करने की दिशा की समझ पैदा करेगा और उन्हें प्रेरित करेगा। नाटक तैयार करने की रचनात्मक प्रक्रिया से समूची कक्षा को जोड़ा जाना चाहिए। यह जरूरी है कि आत्मविश्वास के स्तरों के अंतरों को ध्यान में रखा जाये। हर एक व्यक्ति का अभिनेता होना जरूरी नहीं है; छात्र–छात्रा अन्य तरीकों से योगदान कर सकते हैं (संयोजन करना, वेशभूषा, प्रॉप्स, मंच पर मददगार) जो उनकी प्रतिभाओं और व्यक्तित्व से अधिक मेल खाता हो सकता है।

यह विचार करना आवश्यक है कि अपने छात्र–छात्राओं के सीखने में मदद करने के लिए आप नाटक का उपयोग क्यों कर रहे हैं। क्या यह भाषा विकसित करने (उदा. प्रश्न पूछना और उत्तर देना), विषय के ज्ञान (उदा. खनन का पर्यावरणात्मक प्रभाव), या विशिष्ट कौशलों (उदा. टीम वर्क) का निर्माण करने के लिए है? सावधानी बरतें कि नाटक का सीखने का प्रयोजन अभिनय के लक्ष्य में खो न जाय।

संसाधन 3: एक कहानी से लिया गया उद्धरण

This is an extract from The Happy Prince by Oscar Wilde.

‘Why are you weeping then?’ asked the swallow. ‘You have quite drenched me.’

‘When I was alive and had a human heart,’ answered the statue, ‘I did not know what tears were, for I lived in the Palace, where sorrow is not allowed to enter. My courtiers called me the Happy Prince, and happy indeed I was. So I lived, and so I died. And now that I am dead they have set me up here so high that I can see the ugliness and all the misery of my city, and though my heart is made of lead yet I cannot choose but weep.’

‘What! Is he not solid gold?’ said the swallow to himself. He was too polite to make any personal remarks.

‘Far away,’ continued the statue in a low musical voice, ‘far away in a little street there is a poor house. One of the windows is open, and through it I can see a woman seated at a table. Her face is thin and worn, and she has coarse, red hands, all pricked by the needle, for she is a seamstress. She is embroidering flowers on a satin gown for the loveliest of the Queen’s maids of honour, to wear at the next Court ball. In a bed in the corner of the room her little boy is lying ill. He has a fever, and is asking his mother to give him oranges. His mother has nothing to give him but river water, so he is crying. Swallow, Swallow, little Swallow, will you not bring her the ruby out of my sword hilt? My feet are fastened to this pedestal and I cannot move.’

‘I am waited for in Egypt,’ said the swallow. ‘My friends are flying up and down the Nile, and talking to the large lotus flowers. Soon they will go to sleep.’

The Prince asked the swallow to stay with him for one night and be his messenger. ‘The boy is so thirsty, and the mother so sad,’ he said.

‘I don’t think I like boys,’ answered the swallow. ‘I want to go to Egypt.’

But the Happy Prince looked so sad that the little swallow was sorry. ‘It is very cold here,’ he said. But he agreed to stay with him for one night and be his messenger.

‘Thank you, little Swallow,’ said the Prince.

The swallow picked out the great ruby from the Prince’s sword, and flew away with it in his beak over the roofs of the town. He passed by the cathedral tower, where the white marble angels were sculptured. He passed by the palace and heard the sound of dancing. A beautiful girl came out on the balcony with her lover.

‘I hope my dress will be ready in time for the State ball,’ she said. ‘I have ordered flowers to be embroidered on it, but the seamstresses are so lazy.’

He passed over the river, and saw the lanterns hanging on the masts of the ships. At last he came to the poor woman's house and looked in. The boy was tossing feverishly on his bed, and the mother had fallen asleep, she was so tired. In he hopped, and laid the great ruby on the table beside the woman's thimble. Then he flew gently round the bed, fanning the boy's forehead with his wings. 'How cool I feel!' said the boy, 'I must be getting better;' and he sank into a delicious slumber.

Then the swallow flew back to the Happy Prince, and told him what he had done. 'It is curious,' he remarked, 'but I feel quite warm now, although it is so cold.'

'That is because you have done a good action,' said the Prince.

And the little swallow began to think, and then fell asleep. Thinking always made him sleepy.

When day broke he flew down to the river and had a bath.

'Tonight I go to Egypt,' said the swallow, and he was in high spirits at the prospect. He visited all the monuments and sat a long time on top of the church steeple. When the moon rose he flew back to the Happy Prince.

'Have you any commissions for Egypt?' he cried. 'I am just starting.'

'Swallow, Swallow, little Swallow,' said the Prince, 'will you stay with me one night longer?'

'I am waited for in Egypt,' answered the swallow.

'Swallow, Swallow, little Swallow,' said the Prince, 'far away across the city I see a young man in a garret. He is leaning over a desk covered with papers, and in the glass by his side there is a bunch of withered violets. His hair is brown and crisp, and his lips are red as a pomegranate, and he has large and dreamy eyes.

He is trying to finish a play for the Director of the Theatre, but he is too cold to write any more. There is no fire in the grate, and hunger has made him faint.'

'I will wait with you one night longer,' said the swallow, who really had a good heart. He asked if he should take another ruby to the young playwright.

'Alas! I have no ruby now,' said the Prince. 'My eyes are all that I have left. They are made of rare sapphires, which were brought out of India a thousand years ago.' He ordered the swallow to pluck out one of them and take it to the playwright. 'He will sell it to the jeweller, and buy firewood, and finish his play,' he said.

'Dear Prince,' said the swallow, 'I cannot do that,' and he began to weep.

'Swallow, Swallow, little Swallow,' said the Prince, 'do as I command you.'

So the swallow plucked out the Prince's eye, and flew away to the young man's garret. It was easy enough to get in, as there was a hole in the roof. Through this he darted, and came into the room. The young man had his head buried in his hands, so he did not hear the flutter of the bird's wings, and when he looked up he found the beautiful sapphire lying on the withered violets.

'I am beginning to be appreciated,' he cried. 'This is from some great admirer. Now I can finish my play,' and he looked quite happy.

संसाधन 4: भरा हुआ योजना फार्म

तालिका ***R3.1*** *भरा हुआ योजना फार्म।*

कक्षा	कक्षा 9
गद्यांश	*प्रसन्न राजकुमार* (NCERT *Moments: Supplementary Reader in English for Class IX)*.

खंड	**गतिविधि**
खंड 1, 'High above the city …' से 'I am the Happy Prince.' तक। सुनना	शिक्षक इस खंड को सारी कक्षा को ऊँची आवाज में पढ़कर सुनाता है। छात्र अपनी किताबें बंद रखते हैं और सुनते हैं। सुनने के साथ, वे खंड में जो कुछ सुनते हैं उसका चित्र बनाते हैं। चित्र में एक ऊँचे स्तंभ पर राजकुमार की मूर्ति, राजकुमार के पाँव पर बैठी एक आबाबील (swallow) और राजकुमार की आखों से निकलकर अबाबील (swallow) के सिर पर गिरते आँसू होंगे।
खंड 2, 'Why are you weeping then?' से '… and he looked quite happy.' तक। सुनना, पढ़ना, लिखना और बोलना	शिक्षक/शिक्षिका छात्र–छात्राओं से अनुमान लगाने को कहते हैं कि राजकुमार क्यों रो रहा है। शिक्षक/शिक्षिका 'When I was alive…' से 'He was too polite to make any personal remarks.' तक पढ़ते हैं। शिक्षक/शिक्षिकाओं कक्षा को तीन छात्र–छात्राओं के समूहों में संगठित करता है और प्रत्येक समूह को दो उप-खंडों में से एक आबंटित करता है: • समूहों में से आधे के पास दर्जिन (seamstress) की कहानी सुनाने वाला खंड होता है ('Far away …' से 'Thinking always made him sleepy' तक)। • आधे समूहों के पास लेखक की कहानी सुनाने वाला खंड होता है ('When day broke …' से '… and he looked quite happy' तक)। समूह अपने खंड पढ़ते हैं और मिलकर एक सारांश लिखते हैं, और फिर अपने सारांशों को समूची कक्षा के साथ साझा करते हैं।

खंड	गतिविधि
खंड 3, 'The next day the swallow flew down to the harbour …' से '… and he slept at the Prince's feet.' तक। सुनना	शिक्षक/शिक्षिका छात्र–छात्राओं को बताते हैं कि राजकुमार और अबाबील (swallow) एक तीसरे व्यक्ति की मदद करते हैं। जोड़ियों में रहते हुए, छात्र–छात्रा अनुमान लगाते हैं कि वे किसकी मदद करते हैं और क्यों। वे अपने अनुमानों के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखते हैं, और कुछ समूह अपने विचारों को सारी कक्षा के साथ साझा करते हैं। फिर शिक्षक उस खंड को सारी कक्षा को ऊँची आवाज में पढ़कर सुनाता है (जब छात्र किताबें बंद रखते हैं) और उनसे सुनकर पता करने को कहता है कि वह तीसरा व्यक्ति कौन है। शिक्षक/शिक्षिका जाँच करते हैं कि छात्र–छात्रा समझते हैं कि अबाबील (swallow) ने राजकुमार के साथ रहने का निश्चय किया है।
खंड 4, 'All the next day …' से कहानी के अंत तक। पढ़ना	छात्र–छात्रा खंड को चुप रहकर पढ़ते हैं और फिर गद्यांश के बारे में बोध संबंधी प्रश्नों का उत्तर जोड़ियों में देते हैं। शिक्षक/शिक्षिका बोध संबंधी प्रश्नों के उत्तर सारी कक्षा को बोलकर लिखवाते हैं।

संसाधन 5: सीखने की योजना बनाना

अपने पाठों संबंधी अवधारणाओं की योजना और उनकी तैयारी क्यों महत्वपूर्ण है

अच्छे पाठों संबंधी अवधारणाओं की योजना (सीखने की योजना) बनाना ज़रूरी होता है। योजना बनाने से आपके पाठों संबंधी अवधारणाओं को अधिक स्पष्ट और सुनियोजित करने में मदद मिलती है, जिसका अर्थ यह है कि छात्र–छात्रा सक्रिय होते हैं और इसमें रुचि लेते हैं। प्रभावी नियोजन में कुछ अंतर्निहित लचीलापन भी शामिल होता है ताकि शिक्षक/शिक्षिका पढ़ाते समय अपने छात्र–छात्राओं की अधिगम-प्रक्रिया के बारे में कुछ पता चलने पर उसके प्रति अनुक्रिया कर सकें। पाठों संबंधी अवधारणाओं की शृंखला के लिए सीखने की योजना पर काम करने में छात्र–छात्राओं और उनके पूर्व-ज्ञान को जानना, पाठ्यचर्या के माध्यम से प्रगति के क्या अर्थ है, और छात्र–छात्राओं के पढ़ने में मदद करने के लिए सर्वोत्तम संसाधनों और गतिविधियों की खोज करना शामिल होता है।

नियोजन एक सतत् प्रक्रिया है जो आपको अलग-अलग पाठों में शामिल अवधारणा, उपअवधारणा और साथ ही, एक के ऊपर एक विकसित होते पाठों में शामिल अवधारणा,उपअवधारणा की शृंखला, दोनों की तैयारी करने में मदद करती है। पाठ संबंधी सीखने की योजना के चरण ये हैं:

- इस बारे में स्पष्ट रहना कि प्रगति करने के लिए आपके छात्र–छात्राओं के लिए क्या आवश्यक है
- तय करना कि आप कौन से ऐसे तरीके से सिखाने जा रहे हैं जिसे छात्र–छात्रा समझेंगे और आपको जो पता लगेगा उसके प्रति अनुक्रिया करने के लचीलेपन को कैसे बनाए रखेंगे
- पीछे मुड़कर देखना कि अध्याय में दी गई अवधारणा संबंधी योजना कितनी अच्छी तरह से चली और आपके छात्र–छात्राओं ने क्या सीखा ताकि भविष्य के लिए योजना बना सकें।

पाठ संबंधी अवधारणाओं के शृंखला की योजना बनाना

जब आप किसी पाठ्यचर्या का पालन करते हैं, तो नियोजन का पहला भाग यह निश्चित करना होता है कि पाठ्यक्रम के विषयों और प्रसंगों से संबंधित अवधारणाओं को खंडों या टुकड़ों में किस सर्वोत्तम ढंग से विभाजित किया जाय। आपको छात्र–छात्राओं के प्रगति करने तथा कौशलों और ज्ञान का क्रमिक रूप से विकास करने के लिए उपलब्ध समय और तरीकों

पर विचार करना होगा। आपके अनुभव या सहकर्मियों के साथ चर्चा से आपको पता चल सकता है कि किसी अवधारणा के लिए चार कालांश लगेंगे, लेकिन किसी अन्य अवधारणा के लिए केवल दो। आपको इस बात से अवगत रहना चाहिए कि आप भविष्य में उसे सिखाने पर अलग तरीकों से और अलग अलग समयों पर तब लौट सकते हैं, जब अन्य अवधारणाएँ सिखाई जाएंगीं या अवधारणा को विस्तारित किया जाएगा।

सभी सीखने की योजनाओं में आपको निम्न बातों के बारे में स्पष्ट रहना होगा:

- छात्र–छात्राओं को आप क्या सिखाना चाहते हैं
- आप उस अधिगम बिन्दु/अवधारणा का परिचय कैसे देंगे
- छात्र–छात्राओं को क्या और क्यों करना होगा।

आप सिखाने को सक्रिय और रोचक बनाना चाहेंगे ताकि छात्र–छात्रा सहज और उत्सुक महसूस करें। इस बात पर विचार करें कि पाठों की शृंखला में छात्र–छात्राओं से क्या करने को कहा जाएगा ताकि आप न केवल विविधता और रुचि बल्कि लचीलापन भी बनाए रखें। योजना बनाएं कि जब आपके छात्र–छात्रा पाठों की शृंखला में से प्रगति करेंगे तब आप उनकी समझ की जाँच कैसे करेंगे। यदि कुछ भागों को अधिक समय लगता है या वे जल्दी समझ में आ जाते हैं तो समायोजन करने के लिए तैयार रहें।

अलग-अलग पाठों से संबंधित अवधारणाओं की तैयारी करना

पाठों से संबंधित अवधारणाओं की शृंखला को नियोजित कर लेने के बाद, प्रत्येक अवधारणा को उसकी प्रगति के आधार पर अलग से नियोजित करना होगा जो छात्र–छात्राओं ने उस बिंदु तक की है। आप जानते हैं या पाठों से संबंधित अवधारणाओं की शृंखला के अंत में यह आप जान सकेंगे कि छात्र–छात्राओं ने क्या सीख लिया होगा, लेकिन आपको किसी अप्रत्याशित चीज को फिर से दोहराने या अधिक शीघ्रता से आगे बढ़ने की जरूरत हो सकती है। इसलिए हर पाठ से संबंधित अवधारणा को अलग से नियोजित करना चाहिए ताकि आपके सभी छात्र–छात्रा प्रगति करें और सफल तथा सम्मिलित महसूस करें।

पाठ से संबंधित अवधारणा की योजना के भीतर आपको सुनिश्चित करना चाहिए कि प्रत्येक गतिविधि के लिए पर्याप्त समय है और सभी संसाधन तैयार हैं, जैसे क्रियात्मक कार्य या सक्रिय समूहकार्य के लिए। बड़ी कक्षाओं के लिए सामग्रियों के नियोजन के हिस्से के रूप में आपको अलग अलग समूहों के लिए अलग अलग प्रश्नों और गतिविधियों की योजना बनानी पड़ सकती है।

जब आप नई अवधारणा सिखाते हैं, आपको आत्मविश्वासी होने के लिए अभ्यास करने और अन्य शिक्षक/शिक्षिकाओं के साथ विचारों पर बातचीत करने के लिए समय की जरूरत पड़ सकती है।

तीन भागों में अपने पाठों से संबंधित अवधारणाओं की योजना को तैयार करने के बारे में सोचें। इन भागों पर नीचे चर्चा की गई है।

1 परिचय

सिखाने की प्रक्रिया के शुरू में, छात्र–छात्राओं को समझाएं कि वे क्या सीखेंगे और करेंगे, ताकि सभी को पता रहे कि उनसे क्या अपेक्षित है। छात्र–छात्रा पहले से ही जो जानते हैं उन्हें उसे साझा करने की अनुमति देकर वे जो करने वाले हों उसमें उनकी दिलचस्पी पैदा करें।

2 योजना का मुख्य भाग

छात्र–छात्रा जो कुछ पहले से जानते हैं उसके आधार पर सामग्री की रूपरेखा बनाएं। आप स्थानीय संसाधनों, नई जानकारी या सक्रिय पद्धतियों के उपयोग का निर्णय ले सकते हैं जिनमें समूहकार्य या समस्याओं का समाधान करना शामिल है। अपनी कक्षा में आप जिन संसाधनों और तरीकों का उपयोग करेंगे, उनकी पहचान करें। विविध प्रकार की गतिविधियों,

संसाधनों, और समयों का उपयोग सीखने की योजना का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यदि आप विभिन्न पद्धतियों और गतिविधियों का उपयोग करते हैं, तो आप अधिक छात्र–छात्राओं तक पहुँचेंगे, क्योंकि वे भिन्न तरीकों से सीखेंगे।

3 अधिगम की जाँच कर के सीखने की योजना की समाप्ति

हमेशा यह पता लगाने के लिए समय (सीखने के दौरान या उसकी समाप्ति पर) रखें कि कितनी प्रगति की गई है। जाँच करने का अर्थ हमेशा परीक्षा ही नहीं होता है। आम तौर पर उसे शीघ्र और उसी जगह पर होना चाहिए – जैसे नियोजित प्रश्न या छात्र–छात्राओं को जो कुछ उन्होंने सीखा है उसे प्रस्तुत करते देखना – लेकिन आपको लचीला होने के लिए और छात्र–छात्राओं के उत्तरों से आपको जो पता चलता है उसके अनुसार परिवर्तन करने की योजना बनानी चाहिए।

सीखने की योजना को समाप्त करने का एक अच्छा तरीका हो सकता है शुरू के लक्ष्यों पर वापस लौटना और छात्र–छात्राओं को इस बात के लिए समय देना कि वे एक दूसरे को और आपको उस शिक्षण से हुई उनकी प्रगति के बारे में बता सकें। छात्र–छात्राओं की बात को सुनकर आप सुनिश्चित कर सकेंगे कि आपको पता रहे कि अगली अवधारणा/उपअवधारणा के लिए क्या योजना बनानी है।

सीखने की योजना की समीक्षा करना

हर सीखने की योजना का पुनरावलोकन करें और इस बात को दर्ज करें कि आपने क्या किया, आपके छात्र–छात्राओं ने क्या सीखा, किन संसाधनों का उपयोग किया गया और सब कुछ कितनी अच्छी तरह से संपन्न हुआ ताकि आप अगले अवधारणाओं/उपअवधारणाओं के लिए अपनी योजनाओं में सुधार या उनका समायोजन कर सकें। उदाहरण के लिए, आप निम्न का निर्णय कर सकते हैं:

- गतिविधियों में बदलाव करना
- खुले और बंद प्रश्नों की एक शृंखला तैयार करना
- जिन छात्र–छात्राओं को अतिरिक्त सहायता चाहिए उनके साथ अनुवर्ती सत्र आयोजित करना।

सोचें कि आप छात्र–छात्राओं के सीखने में मदद के लिए क्या योजना बना सकते थे या अधिक बेहतर कर सकते थे।

जब आप हर अवधारणा से गुजरेंगे, आपकी सीखने संबंधी योजनाएं अपरिहार्य रूप से बदल जाएंगी, क्योंकि आप हर होने वाली चीज का पूर्वानुमान नहीं कर सकते। अच्छे नियोजन का अर्थ है कि आप जानते हैं कि आप किस तरह से सिखाना चाहते हैं और इसलिए जब आपको अपने छात्र–छात्राओं के वास्तविक अधिगम के बारे में पता चलेगा तब आप लचीले ढंग से उसके प्रति अनुक्रिया करने को तैयार रहेंगे।

संसाधन 6: ऑनलाइन साहित्यिक संसाधन

यहाँ ऑनलाइन साहित्यिक संसाधनों के लिए कुछ लिंक्स प्रस्तुत हैं:

- Project Gutenberg: http://www.gutenberg.org/
- PoemHunter.com: http://www.poemhunter.com/
- The Poetry Archive: http://www.poetryarchive.org/poetryarchive/home.do

किशोर अंग्रेजी छात्र–छात्राओं के लिए लिखे गए कुछ पाठ यहाँ उपलब्ध हैं:

- Read UK: http://learnenglishteens.britishcouncil.org/uk-now/read-uk

अतिरिक्त संसाधन

यहाँ अध्यापन साहित्य और विस्तृत पठन के बारे में अंग्रेजी के शिक्षकों के लिए लेखों और युक्तियों के लिए कुछ लिंक्स प्रस्तुत हैं:

- 'Teaching materials: using literature in the EFL/ ESL classroom' by Lindsay Clandfield: http://www.onestopenglish.com/support/methodology/teaching-materials/teaching-materials-using-literature-in-the-efl/-esl-classroom/146508.article
- 'BritLit': http://www.teachingenglish.org.uk/britlit
- 'Extensive reading': http://www.teachingenglish.org.uk/article/extensive-reading
- 'Success in reading': http://orelt.col.org/module/3-success-reading

संदर्भ/संदर्भग्रंथ सूची

National Council of Educational Research and Training *(undated) First Flight: Textbook in English for Class X*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 25 September 2014).

National Council of Educational Research and Training (2005) *National Curriculum Framework*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/rightside/links/pdf/framework/english/nf2005.pdf (accessed 25 September 2014).

National Council of Educational Research and Training (2006a) *Moments: Supplementary Reader in English for Class IX*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 25 September 2014).

National Council of Educational Research and Training (2006b) *Position Paper: National Focus Group on Teaching of English*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/new_ncert/ncert/rightside/links/pdf/focus_group/english.pdf (accessed 25 September 2014).

National Council of Educational Research and Training (2007) *Footprints without Feet: Supplementary Reader in English for Class X*, National Council of Educational Research and Training. Available from: http://www.ncert.nic.in/NCERTS/textbook/textbook.htm (accessed 25 September 2014).

अभिस्वीकृतियाँ

तृतीय पक्षों की सामग्रियों और अन्यथा कथित को छोड़कर, यह सामग्री क्रिएटिव कॉमन्स एट्रिब्यूशन-शेयरएलाइक लाइसेंस के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई है (http://creativecommons.org/licenses/by-sa/3.0/)। नीचे दी गई सामग्री मालिकाना हक की है तथा इस परियोजना के लिए लाइसेंस के अंतर्गत ही उपयोग की गई है, तथा इसका Creative Commons लाइसेंस से कोई वास्ता नहीं है। इसका अर्थ यह है कि इस सामग्री का उपयोग अननुकूलित रूप से केवल TESS-India परियोजना के भीतर किया जा सकता है और किसी भी बाद के OER संस्करणों में नहीं। इसमें TESS-India, OU और UKAID लोगो का उपयोग भी शामिल है।

इस इकाई में सामग्री को पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति के लिए निम्न स्रोतों का कृतज्ञतापूर्ण आभार:

संसाधन 3: पहली उड़ान से लिया गया उद्धरण: (Resource 3: extract from First Flight:) कक्षा 10 के लिए अंग्रेजी पाठ्यपुस्तक, राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद, http://ncert.nic.in */ (Textbook in English for Class X (2006),* National Council of Educational Research and Training, http://ncert.nic.in.)

कॉपीराइट के स्वामियों से संपर्क करने का हर प्रयास किया गया है। यदि किसी को अनजाने में अनदेखा कर दिया गया है, तो पहला अवसर मिलते ही प्रकाशकों को आवश्यक व्यवस्थाएं करने में हर्ष होगा।

वीडियो (वीडियो स्टिल्स सहित): भारत भर के उन शिक्षक प्रशिक्षकों, प्रधानाध्यापकों, शिक्षकों और छात्र–छात्राओं के प्रति आभार प्रकट किया जाता है जिन्होंने उत्पादनों में दि ओपन यूनिवर्सिटी के साथ काम किया है।